भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

ICMR INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

**कार्यालय आदेश**

**फा.सं.16/20/2026-प्रशा.** **दिनांक:.../09/2026**

**विषय:- परिषद मुख्यालय एवं परिषद के सभी संस्थानों/केंद्रों के लिए विशेष अभियान 6 हेतु नोडल अधिकारियों के नामांकन के संबंध में।**

सभी संबंधितों से अनुरोध है कि वे दिनांक 02.10.2026 से 31.10.2026 तक आयोजित होने वाले **"सरकारी कार्यालयों में संस्थागत स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 6"** के संबंध में भारत सरकार, प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG) द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों/अनुदेशों का अवलोकन करें। यह अभियान दो चरणों में अर्थात् तैयारी चरण 15.09.2026 से 30.09.2026 तक तथा कार्यान्वयन चरण 02.10.2026 से 31.10.2026 तक आयोजित किया जाएगा ।

**2.** परिषद मुख्यालय में श्री जगदीश राजेश, उप महानिदेशक (प्रशा.),परिषद मुख्यालय विशेष अभियान 6 के लिए नोडल अधिकारी के रुप में नामित किए गए है। वे मुख्यालय में अभियान से संबंधित गतिविधियों में समन्वय एवं इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए परिषद के संस्थानों/केंद्रों के साथ संपर्क स्थापित करेंगे।

**3.** परिषद के सभी संस्थानों/केंद्रों के निदेशकों/प्रभारी-निदेशकों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित संस्थानों/केंद्रों में विशेष अभियान 6 के लिए दिनांक 15.09.2026 तक एक नोडल अधिकारी नामित करें तथा नामित अधिकारी का नाम, पदनाम एवं संपर्क नंबर ई-मेल द्वारा **admn-hq@icmr.gov.in** पर भेजें। नोडल अधिकारी अभियान संबंधी गतिविधियों का समन्वय तथा डीएआरपीजी के दिशा-निर्देशों के अनुसार सूचना/आंकड़ों एवं रिपोर्टों को समय पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

**4.** परिषद के संस्थानों/केंद्रों तथा संबंधित प्रभागों से विशेष अभियान 6 के संबंध में मांगी गई सूचना/आंकड़ों एवं रिपोर्टों को डॉ. श्यामजीत मणिराम यादव, वैज्ञानिक 'सी', पीएंडसी प्रभाग, परिषद मुख्यालय के समन्वय के अधीन पीएंडसी प्रभाग द्वारा संकलित एवं समेकित किया जाएगा। सभी संबंधितों द्वारा निर्धारित प्रारूप में तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर मांगी गई सूचना/आंकड़े उन्हें **yadav.shyamjeet@icmr.gov.in** पर दिए जाएं।

**5.** सभी संबंधितों से अनुरोध है कि विशेष अभियान 6 के सफल कार्यान्वयन हेतु डीएआरपीजी द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों/अनुदेशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाएं।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

-हस्त-
(जयबीर सिंह)
सहायक महानिदेशक(प्रशा.)

**सेवा में**:

1. परिषद के सभी संस्थानों/केंद्रों के निदेशक/प्रभारी-निदेशक।
2. श्री जगदीश राजेश, उप महानिदेशक प्रशा).(, परिषद मुख्यालय।
3. डॉश्यामजीत म .णिराम यादव, वैज्ञानिक 'सी', पीएंडसी प्रभाग।

**प्रतिलिपि :**

1. परिषद के महानिदेशक/अपर महानिदेशक,(दोनों)/वरि.उपमहानिदेशक(प्रशा.)/वरि.वित्त सलाहकार के निजी सचिव।
2. सभी प्रभाग-प्रमुख।
3. उपमहानिदेशक(प्रशा.)/सहा.महानिदेशक,(दोनों)/प्रशासन अधिकारी (प्रशा.), परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली।
4. डॉचाल्गा .एस.एम ., वैज्ञानिकई-, इसे परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।